राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

कुलाधिपति श्री बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर में प्रो. मदन मोहन झा कुलगुरु नियुक्त

जयपुर, 28 नवम्बर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो. मदन मोहन झा को जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रो. मदन मोहन झा के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

———